बिहार सरकार

निर्वाचन विभाग

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय
7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), पटना – 800015.

फोन नं0 :– 0612–2217352
फैक्स नं0 :– 0612–2215611
ई–मेल :–ceo_bihar@eci.gov.in

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 16.05.2024

लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 के क्रम में जहानाबाद तथा नालन्दा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में नाम निर्देशित अभ्यर्थियों की संख्या 15 से अधिक होने के कारण जहानाबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए 800 बैलेट यूनिट तथा नालन्दा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए 500 बैलेट यूनिट का अतिरिक्त आवंटन किया जा रहा है। अतिरिक्त बैलेट यूनिट का आवंटन गया जिले से संबंधित लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों हेतु किया जायेगा। भारत निर्वाचन आयोग के निदेश के आलोक में बैलेट यूनिट में नोटा के अलावा 15 से अधिक अभ्यर्थियों के होने पर अतिरिक्त बैलेट यूनिट का प्रयोग किया जाता है।

उक्त के संबंध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार द्वारा संबंधित जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–जिला पदाधिकारी को निदेशित किया गया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा ईवीएम स्थानांतरण हेतु निर्धारित प्रोटोकॉल का अनुपालन करते हुये बैलेट यूनिट के स्थानांतरण की कार्रवाई सम्पन्न करा ली जाय ताकि फर्स्ट लेवल चेंकिग (FLC) तथा Commissioning की प्रक्रिया को ससमय सम्पन्न किया जा सके।